


## एक नजर में

### हिंदू नववर्ष पर चिंतामण गणेश मंदिर में 56 भोग महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



**बदनावर** । नगर के श्री चिंतामण गणेश मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष एवं गुड़ी पड़वा के अवसर पर भगवान गणेशजी को 56 भोग प्रसादी अर्पित की गई। गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत पंडित श्याम सिद्ध द्वारा भगवान गणेशजी एवं माता रिद्धि-सिद्धि के विधिवत अभिषेक से हुई, जिसमें गणेश अथर्वशीर्ष मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई। अभिषेक का लाभ अमित पंडित परिवार ने लिया। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर दर्शन का क्रम जारी रहा। शाम 7 बजे भगवान गणेशजी को 56 भोग अर्पित कर भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें महिलाओं और पुरुषों सहित कई भक्तों ने भाग लिया। पंडित श्याम सिद्ध ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वर्ष से हिंदू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा के अवसर पर 56 भोग प्रसादी के साथ 1100 दीपक प्रज्वलित कर नववर्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना

### धार जिले में स्थित 22 कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु ऑनलाइन ई-टेंडर कल

**धार**। राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) की अवधि के लिए धार जिले में स्थित 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 21 एकल समूहों में से पूर्व चरणों में निष्पादन से शेष रही 22 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 05 एकल समूहों का निष्पादन छठवें चरण में किया जाएगा।निर्धारित आरक्षित मूल्य पर इन समूहों का निष्पादन ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से एनआईसी (*NIC*) के पोर्टल *http://mptenders.gov.in* पर किया जाएगा। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि ई-टेंडर हेतु ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2026 को दोपहर 1ः00 बजे तक निर्धारित की गई है। ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र 22 मार्च 2026 को दोपहर 1ः05 बजे से खोले जाएंगे। ऑक्शन की प्रक्रिया 22 मार्च 2026 को दोपहर 2ः30 बजे से शाम 4ः30 बजे तक आयोजित होगी। यदि निर्धारित समयावधि के अंतिम क्षणों में बोली प्राप्त होती है, तो प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल में समयावधि में वृद्धि की जाएगी।ई-टेंडर संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने पर अथवा 22 मार्च 2026 को सायं 6ः00 बजे (जो भी बाद में हो) खोले जाएंगे। इसके पश्चात जिला समिति द्वारा ई-टेंडर प्रक्रिया का निराकरण किया जाएगा।म.प्र. राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 45, तिथि 20 फरवरी 2026 तथा आबकारी आयुक्त, म.प्र. ग्वालियर के निर्देशानुसार ई-टेंडर फॉर्म की कीमत प्रति समूह 30,000 रुपए निर्धारित की गई है, जो अवापसी योग्य नहीं होगी।इच्छुक आवेदकों (व्यक्ति/फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप/कंपनी/कंसोर्टियम) को ई-टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु ई-आबकारी पोर्टल पर वर्ष 2026-27 के लिए पंजीयन कराना अनिार्य होगा।विस्तृत नियम, शर्तें एवं प्रक्रिया पोर्टल तथा मध्यप्रदेश आबकारी विभाग की वेबसाइट *http://mptenders.gov.in* पर उपलब्ध हैं।मदिरा दुकानों/समूहों की सूची, आरक्षित मूल्य, टेंडर फीस, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार से निर्धारित समयावधि में प्राप्त की जा सकती है।

### मार्च-अप्रैल माह का राशन एक साथ वितरित, दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य



**धार.** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में संचालित 838 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र 3 लाख 72 हजार 436 परिवारों को मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित की जा रही है। इसके लिए हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान पर स्थापित पीओएस मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) करना अनिवार्य होगा। प्रथम बार मार्च माह तथा द्वितीय बार अप्रैल माह के लिए सत्यापन किया जाएगा। दोनों बार सत्यापन के उपरांत विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनों माह की राशन सामग्री एक साथ प्रदान की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे उचित मूल्य दुकानों से दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कर अपनी पात्रतानुसार मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री प्राप्त करें तथा पीओएस मशीन से निकली दोनों पावती भी अवश्य लें।मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री का वितरण शासकीय उचित मूल्य दुकानों से 15 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 9644422542 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 23 मार्च से आवेदन होंगे शुरू

**धार.** शहर के घोड़ा चौपाटी स्थित सांदीपनि विद्यालय धार (सीएम राइज विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 23 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इच्छुक छात्र एवं पालक 23 से 31 मार्च के बीच विद्यालय में उपलब्ध सीटों की जानकारी लेकर प्रवेशफॉर्म प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्मृति रत्न मिश्र ने बताया कि मुख्य शाला में केजी प्रथम में 20 सीटें, केजी द्वितीय में 4 सीटें, कक्षा 3 में 19, कक्षा 4 में 5 तथा कक्षा 9 में 10 सीटें नवीन प्रवेश हेतु उपलब्ध हैं। इसके अलावा सांदीपनि विद्यालय की कैंपस शालाओं में माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 4 में कक्षा 6 में 25, कक्षा 7 में 16 एवं कक्षा 8 में 23 सीटें रिक्त हैं। वहीं, प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 11 एवं 13 में कक्षा 1 से 5 तक प्रत्येक कक्षा में 10-10 सीटें उपलब्ध हैं। अंतिम तिथि 31 मार्च तक यदि निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश में प्राथमिकता पहले कैंपस शाला एवं शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जाएगी, इसके बाद शेष सीटों पर अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को अवसर दिया जाएगा।





# क्षत्रिय भावसार समाज ने हर्षोल्लास से मनाया मां हिंगलाज जन्मोत्सव

**कुक्षी। भावसार समाज द्वारा मां हिंगलाज माता के जन्मोत्सव का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के महिला, पुरुष एवं युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।**

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के विभिन्न मार्गों से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में बग्गी पर सुसज्जित माता का चित्र आकर्षण का केंद्र रहा। ढोल-नगाड़ों एवं डीजे पर बजते धार्मिक गीतों के साथ श्रद्धालु थिरकते हुए महिलाएं पिंक साड़ी और पुरुष सफेद कलर के कुर्ता पजामा पहनेआगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ माता के जयकारे लगाए शोभायात्रा का समापन भावसार धर्मशाला में मां हिंगलाज की आरती उतारकर संपन्न हुआ। इस दौरान अनुशासन और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। भावसार समाज द्वारा वरिष्ठ जनसंघी धनराजजी भावसार का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने समाज में एकता, भाईचारा एवं धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूत किया।

# मनावर में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

▶ जल गंगा संवर्धन अभियान

**धार । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को मनावर में मां नर्मदा की पूजा-अर्चना के साथ ‭卐‬जल गंगा संवर्धन अभियान卐 का शुभारंभ किया गया।**





इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन तथा भूजल स्तर में वृद्धि करना है। इस अभियान को धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व के साथ जनभागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मनावर के विकासखंड समन्वयक भुवान सिंह गेहलोत के नेतृत्व में नवांकुर संस्था मां नर्मदा सेवा एवं जनकल्याण समिति, एकलवारा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति (नर्मदा सेवा समिति) के सहयोग से ग्राम सेमल्दा स्थित नर्मदा तट पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पश्चात नर्मदा तट पर सामूहिक श्रमदान करते हुए घाट की साफ-सफाई की गई।

इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक भुवान सिंह गेहलोत, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष प्रवीण दास बैरागी, सत्यवीर तेजाजी समिति के अध्यक्ष सावन जाट, वंदे मातरम समाज कल्याण समिति चिकली के अध्यक्ष जगदीश भवेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेमल्दा के अध्यक्ष भगीरथ धनगर, सचिव अंतिम पाटीदार, नर्मदा सेवी शोभाराम भाई, देवीसिंह, सज्जन भाई, राजेश जर्मा, जगदीश मुकाती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवक-युवतियों ने सहभागिता की।

### कु. सोलंकी का नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप के लिए चयन

**धार।** शहर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय धार की कक्षा 8वीं की छात्रा कु. गीत सोलंकी ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत कक्षा 8वीं के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने हेतु प्रतिवर्ष 12 हजार की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है इस हेतु आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा में कु. गीत सोलंकी ने भाग लेकर सफलता प्राप्त की। अब उन्हें कक्षा 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।



### सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन धार के पदाधिकारियों की घोषणा

**धार** । सर्वब्राहण समाज धार जिलाध्यक्ष पं. विश्वास पाण्डे, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष पं. धर्मेन्द्र जोशी, परशुराम जन्मोत्सव यात्रा प्रभारी पं. ऋषि भार्गव, वरिष्ठ मार्गदर्शक, पं. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, जिला संयोजक अशोक शास्त्री, सचिव प्रवीण शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष प्रशांत रावल की अनुशंसा पर सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन के नगर अध्यक्ष चेतन शर्मा ने सर्वब्राहण समाज युवा संगठन धार के पदाधिकारियों की घोषणा की।

कार्यकारी अध्यक्ष पं सूर्या दुबे, उपाध्यक्ष पं अनूप त्रिवेदी, यश तिवारी, राजा शर्मा,अक्षत शर्मा,यश उपाध्याय, लकी शर्मा,आदर्श चौबे, कार्तिक शर्मा, हर्ष शर्मा, आदित्य जोशी, पियुष मंडलोई, अंकुर शुक्ला, महामंत्री पं अश्मित शर्मा एवं शिवम शर्मा, मंत्री पं अक्षत उपाध्याय,मोहित शास्त्री,समर्थ उपाध्याय, प्रिंस पंचोली, कनिष्क रावल, स्वप्निल भार्गव, उत्तम पांडे, स्वज्ञ व्यास, गोराख भार्गव, अथर्व प्रधान, मन दुबे, मृत्युंजय व्यास,भीम शर्मा ,कोषाध्यक्ष पं आंचल व्यास, सह कोषाध्यक्ष हर्ष शर्मा, सचिव चेरी अवस्थी, सह सचिव अवी पांडे, कार्यालय मंत्री अवी शर्मा, सह कार्यालय मंत्री मयूर पांडे, विधि प्रकोष्ठ रूद्र शर्मा,पवन तिवारी, प्रवक्ता प्रथम तिवारी, मीडिया प्रभारी अमन तिवारी, सह मिडिया काशी दुबे ,सोशल मीडिया पीयूष शर्मा, अक्षत त्रिवेदी, प्रचार प्रसार मंत्री किशन द्विवेदी को नियुक्त किया गया।



# क्षत्रिय मालवा खटीक सेना की नई कार्यकारिणी घोषित

▶ कमल चावला बने अध्यक्ष

**धार। क्षत्रिय मालवा खटीक सेना धार की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें समाज की एकता और प्रगति को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई।**

**बैठक में सर्वसम्मति से राजेश सोलंकी को संरक्षक और कमल चावला को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समाज के वरिष्ठों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।**

**नई टीम में इन्हें मिली जिम्मेदारीः**

समाज सेवा के संकल्प के साथ गठित कार्यकारिणी में निम्नलिखित सदस्यों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैंः उपाध्यक्षः संतोष जी बोरीवाल महासचिवः राजू जी सुयेल एवं सूरज जी चावला सचिवः राकेश जी बोरीवाल एवं चंदू चंदेल कोषाध्यक्ष बंटी बोरीवाल संगठन मंत्री राहुल नागोरा एवं राहुल चौहान प्रचार मंत्री रोशन सोलंकी, संयम बोरीवाल एवं रोहित नागोरा मीडिया प्रभारी गौरव जी चावला एवं यशवंत बगड़ी समाज की उन्नति का संकल्प नवनियुक्त अध्यक्ष कमल जी चावला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह जीत पूरे समाज की जीत है। हमारी प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और एकता के सूत्र में बंधकर उन्नति के पथ पर अग्रसर होना है। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज की जीत, हमारी जीत के नारों के साथ नई टीम को बधाई दी।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कानवन मण्डल का कानवन नगर शिव वाटिका में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शिविर दिनांक 22 मार्च ओर 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण शिविर के मुख्य बिंदु राष्ट्रहित एवं समाज सेवा एवं भाजपा की रीति नीति जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण वर्ग में प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे।

एक नजर में ▶ एडवोकेट मोनिका शर्मा को अंतरराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान

# हिंदी प्रचार में योगदान पर बड़ौदिया की बेटी दुबई में सम्मानित



**सरदारपुर** ।वैसे तो प्रतिभाओं को ना दबाया जा सकता है और ना ही छुपाया जा सकता हैं क्योंकि प्रतिभाएं स्वयं ही अपने आपको बाहर निकालने में सक्षम होती है। इस बात को एक बार फिर साबित किया है छोटे से गांव बड़ौदिया की एक बेटी ने। दरअसल, हिंदी भाषा के प्रचार -प्रसार तथा साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय युवा अधिवक्ता बड़ौदिया निवासी मोनिका शर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ‘‘हिंदी गौरव सम्मान 2026‘‘ से दुबई में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अंतरराष्ट्रीय साहित्य अर्पण, दुबई द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को प्रदान किया जाता है। गौरतलब है कि मोनिका शर्मा विधि के क्षेत्र में सक्रिय रहने के साथ-साथ हिंदी साहित्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रही हैं। उनकी पुस्तक 21वीं सदी की नारी प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें समकालीन समाज में महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण से जु? विषयों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है। बालिका के परिजन रमणलाल शर्मा बताते हैं कि बालिका के पिता ग्राम ब?ौदिया में ही रहकर छोटी सी आटा-चक्की की दुकान संचालित करते हैं। बालिका की प्रतिभा को पहचान कर उसे पढ़ाई के लिए बाहर भेजा गया था।

### 30 से अधिक सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं मोनिका

मोनिका के भाई विमल शर्मा ने बताया कि मोनिका अब तक साहित्य और हिंदी भाषा के प्रति उनके योगदान के लिए लगभग 30 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। मोनिका कहती हैं कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और पहचान की अभिव्यक्ति है। वे आगे भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा समाज में कानूनी जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।




# नववर्ष प्रतिपदा पर ‘जल मंदिर’ का शुभारंभ

*जल गंगा संवर्धन अभियान*

**धार**। वर्ष प्रतिपदा पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण (19 से 27 मार्च) के अंतर्गत ‘जल शक्ति से नव भक्ति’ कार्यक्रम के तहत गुरुवार को ‘जल मंदिर’ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम नगर के अटल चौराहे के समीप आईसीआईसीआई बैंक के पास आयोजित हुआ।

यह पहल नवांकुर संस्था सौमित्र एजुकेशन वेलफेयर अवेयरनेस सोसायटी एवं नगर परिषद के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को जल के महत्व से अवगत कराना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण का संकल्प लिया तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक जल बचाने का संदेश पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, ऐसे में जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। ‘जल मंदिर’ जैसी पहलें समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

इस अवसर पर नागरिकों से वर्षा जल संचयन अपनाने, जल का सीमित उपयोग करने तथा भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की अपील की गई। साथ ही जनसहयोग से आगामी दिनों में और अधिक ‘जल मंदिर’ स्थापित करने की योजना भी साझा की गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक मनीष शर्मा, नवांकुर संस्था की सुश्री सारिका भावसार, रविन्द्र सोनी, धर्मेंद्र सोलंकी, एमएसडब्ल्यू छात्र दर्शन गुप्ता, तिलोक कसेरा, क्षितिज पाण्डेय आदि थे।